श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

अधिसूचना

क्रमांक: एल.बी.एस./एम.एम.टी.टी.सी./2023/1019 **दिनांक** 01.12.2023

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा उच्च शिक्षा संकाय सदस्यों के एन.ई.पी. 2020 के अनुरूप शिक्षण, अधिगम एवं शोध सम्बन्धित कौशल एवं कुशलताओं का विकास करने हेतु **8 दिवसीय ऑनलाइन एन.ई.पी. अभिविन्यास एवं संवेदीकरण कार्यक्रम** का निर्धारण किया गया है। इस कार्यक्रम का **आयोजन तीन वर्ष तक प्रतिमाह दो बार सतत् रूप से** शिक्षा मंत्रालय द्वारा चिन्हित **मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्रों** (MMTTCs) द्वारा किया जायेगा। **यह कार्यक्रम यू.जी.सी. द्वारा सभी उच्च शिक्षा संकाय सदस्यों के लिए अनिवार्य किया गया है** तथा **इसका लाभ सी.ए.एस. (CAS) में भी** प्राप्त होगा।

विश्वविद्यालय के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन प्रतिमाह दो बार किया जायेगा जिसका कोर्स यू.जी.सी. द्वारा एन.ई.पी. 2020 के 8 मुख्य विषयों को लेकर अभिकल्पित किया गया है। कार्यक्रम में प्रतिदिन ऑनलाइन संलग्नता तीन घण्टे होने के कारण प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों को अवकाश की भी आवश्यकता नहीं होगी। **पंजीकरण एम.एम.टी.टी.पी. (MMTTP) पोर्टल** के माध्यम से होगा जिसका क्रमानुसार विवरण कार्यक्रम विवरणिका (संलग्न एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट तथा व्हाट्सप्प समूह पर उपलब्ध) में दिया गया है। केन्द्र द्वारा मार्च 2024 तक के कार्यक्रमों की तिथियों का निर्धारण किया जा चुका है जो उक्त पोर्टल पर प्रदर्शित है।

अत: विश्वविद्यालय के सभी पीठाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने सम्बन्धित संकाय एवं विभाग के सभी शिक्षकों (सहायक आचार्य-संविदा/स्थायी, सह आचार्य एवं आचार्य) का प्रतिभाग दिसम्बर, 2023 से मार्च, 2024 तक विश्वविद्यालय के केन्द्र द्वारा आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों में से किसी एक कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करेंगे।

नोट:- केन्द्र का आगामी कार्यक्रम दिनांक 04 दिसम्बर, 2023 से आयोजित किया जा रहा है जिसके पंजीकरण की अंतिम तिथि 03 दिसम्बर, 2023 है।

सहायक कुलसचिव-प्रशासन-II

प्रतिलिपि:-

1. समस्त पीठाध्यक्ष
2. समस्त विभागाध्यक्ष
3. विशेष कार्याधिकारी-कुलपति
4. कुलपति के निजी सचिव
5. कुलसचिव के निजी सचिव
6. उप-कुलसचिव (विकास एवं लेखा)
7. सहायक कुलसचिव (प्रशासन-I, शैक्षणिक एवं विकास)
8. मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र कार्यालय
9. संगणक केन्द्र-सूचना वेबसाइट एवं व्हाट्सप्प समूह में प्रेषित करने हेतु
10. सम्बन्धित पंजिका

सहायक कुलसचिव-प्रशासन-II